1. (a) वादी 'अ' एक मकान का स्वामी है। उसके एक हिस्से में प्रतिवादी 'ब' रहता है। प्रतिवादी ने पिछले दस महीने से मकान का किराया नहीं दिया है। वादी इस आधार पर मकान खाली कराना चाहता है और मकान का किराया वसूल करना चाहता है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर मकान खाली करने एवं बकाया किराया वसूल करने हेतु 'अ' की ओर से वाद पत्र लिखिए। **15**

Plaintiff 'A' is the owner of a house. In one of its portions defendant 'B' resides. The defendant has not paid rent for last ten months. On this very ground the plaintiff wants to get his house vacated and also to recover the arrears of rent.

On the above facts, draft a plaint on behalf of 'A' for eviction and recovery of arrears of rent.

(b) उपर्युक्त प्रश्न 'अ' के वाद पत्र के उत्तर में प्रतिवादी 'ब' की ओर से लिखित कथन का प्रारूप लिखिये। **15**

Draft a written statement on behalf of 'B' is reply to the above plaint of 'A'.

(c) उपर्युक्त प्रश्न 1(a) और (b) के अभिवचनों पर वाद-बिन्दु का प्रारूप बनाइये। **10**

Frame issues on the aforesaid pleadings in question 1(a) and (b).

**अथवा**/OR

एक अभियुक्त को उपयुक्त आरोप लगाकर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 300-ब के अधीन अपराध के आधार पर दोष सिद्ध करते हुए एक निर्णय लिखिये। **40**

Write a judgment convicting the accused under Section 300-B of Indian Penal Code after framing appropriate charge for the offence.

## खण्ड – अ/SECTION – A

2. सम्बंधित निर्णीत वादों का उल्लेख करते हुए कारण सहित निम्नलिखित के उत्तर दीजिए :

Answer the following with reasons while mentioning the related decided cases :

(a) 'अ' स्वामित्व के आधार पर किराये की वसूली के लिए किरायेदार 'ब' पर वाद दायर करता है। 'ब' प्रतिवाद करता है कि 'अ' मालिक नहीं है। 'अ' अपना स्वत्व सिद्ध करने में असफल रहता है तथा वाद खारिज हो जाता है। तब 'अ', 'ब' तथा एक 'स' पर सम्पत्ति के स्वत्व की घोषणा के लिए वाद संस्थित करता है। निर्णीत कीजिए। **15**

'A' Claiming to be a landlord sues the tenant 'B' for recovery of rent. 'B' takes the plea that 'A' is not the landlord. 'A' fail to prove his title and the suit is dismissed. 'A' then sues 'B' and one 'C' for a declaration of his title to the property. Decide.

(b) 'अ', 'ब' के विरुद्ध एक पक्षीय डिक्री प्राप्त करता है, तथा डिक्री के निष्पादन के लिए 'ब' की सम्पत्ति बेचने के लिए लायी जाती है तथा स्वयं 'अ' खरीददार बन जाता है। 'ब' के द्वारा अपील पर अपीलीय न्यायालय डिक्री को निरस्त कर देती है तथा पुनः सुनवाई के लिए वाद को प्रतिप्रेषित कर दिया। तब 'ब' ने प्रत्यास्थापन के लिए आवेदन किया। जब आवेदन लम्बित था, वाद को सुना गया एवं पुनः डिक्री हो गई। तब 'अ' ने विरोध किया क्योंकी वाद डिक्री हो चुका था इसलिए कोई प्रत्यास्थापन स्वीकार नहीं किया जा सकता। क्या 'ब' प्रत्यास्थापन का हकदार है ? **15**

'A' obtained a decree ex-parte against 'B' and in execution of the decree brought the properties of 'B' to sale and himself became the purchaser. On appeal by 'B', the appellant court setaside the decree and remanded the suit for re-hearing. Then 'B' applied for restitution. While that application was pending, 'A' then contended that as the suit had been decreed, no restitution can be granted. Is 'B' entitled to restitution ?

(c) 'A' ₹ 60,000 'B' को उधार देता है। वाद को न्यायालय की अधिकारिता के अन्दर लाने के लिए 'A', 'B' के विरुद्ध ₹ 60,000 की जगह केवल ₹ 50,000 का वाद चलाता है तथा डिक्री प्राप्त करलेता है। 'A' शेष धनराशि ₹ 10,000 के लिए उसी न्यायालय में दूसरा वाद लाता है। 'B' आपत्ति दर्ज करता है। विनिश्चय कीजिए। **10**

'A' advances loan of ₹ 60,000 to 'B'. To bring the suit within the jurisdiction of court, 'A' sues 'B' for ₹ 50,000 only instead of ₹ 60,000 and obtains a decree. Later on 'A' files a second suit for the balance of ₹ 10,000 in the same court. 'B' raises an objection. Decide.

3. (a) सिविल प्रकृति के वाद से आप क्या समझते हैं ? समझाइये। **10**

What do you understand by civil nature of a suit ? Explain.

(b) कारण सहित उत्तर दीजिए कि निम्नलिखित वाद व्यवहार प्रकृति के है या नहीं. **10**

Answer with reasons whether the following suits are of civil nature or not.

i) सामाजिक क्लब से अविधिक रूप से निष्कासित किये जाने के लिए वाद।
A suit for wrongful explosion from a social club.

ii) चुनाव को अवैध घोषित करने के लिए वाद।
Suit to declare an election invalid.

iii) त्यौहार मनाने के लिए अंशदान एकत्रित करना।
Collection of contribution for holding festival.

iv) पर्दानशीन महिलाओं का पर्दा रखने का अधिकार।
Right of a Pardanasheen lady to observe.

(c) अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन के मध्य अंतर समझाइये और बताइये कि क्या : 20

Distinguish among appeal, revision and review and explain the following :

i) क्या न्यायालय स्वत: या स्वप्रेरणा से अपने निर्णय का पुनर्विलोकन कर सकता है ?

Can the court review suomoto or on its own motion its own decision ?

ii) क्या वरिष्ठ न्यायालय, अवर न्यायालय को अपने निर्णय का पुनर्विलोकन करने का निर्देश दे सकता है ?

Can a superior court direct an inferior court to review its previous decision ?

4. (a) क़िसी सिविल वाद में संयुक्त वादी एवं प्रतिवादी बनाने के नियमों को उदाहरणों की सहायता से समझाइये। 20

Explain with illustration the rules relating to joinder of plaintiffs and defendants in a civil suit.

(b) 'रूहेलखण्ड एवं बुन्देलखण्ड प्रकाशन' के शीर्षक के अधीन 'अ' एक पुस्तकों की श्रेणी इस विश्वास को अभिप्रेरित करने के लिए कि यह प्रकाशन रूहेलखण्ड एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालयों या उनमें से किसी एक के हैं छापता है। दोनों विश्वविद्यालय एक वाद में 'अ' को शीर्षक के प्रयोग को अवरुद्ध करने में संयुक्त वादी हो जाते हैं। कारण सहित विवेचना कीजिए कि क्या दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से 'अ' के उपर मुकदमा चला सकते हैं या नहीं ? 10

'A' publishes a series of books under the title 'Rohelkhand and Bundelkhand' so as to induce the belief that the books are publications of the Rohelkhand and Bundelkhand Universities or either of them. The two Universities join as plaintiffs in one suit to restrain 'A' from using the title. Discuss with reasons whether both the Universities can jointly sue or not ?

(c) 'अ' और 'ब' के उपर 'स' के मकान में एक साक्षात्कार के समय 'स' द्वारा हमला किया गया। हमले द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए 'अ' और 'ब' संयुक्त रूप से 'स' पर मुकदमा दायर करते हैं। क्या वादियों के दुस्संयोजन से मुकदमा अमान्य होगया ? उत्तर कारण सहित दीजिए। 10

'A' and 'B' were assualted by 'C' at an interview in 'C' 's house. 'A' and 'B' jointly sue 'C' for damages for assualt. Was the suit rejected for misjoinder of plaintiffs ? Give answer with reason.

## खण्ड – ब/SECTION – B

5. (a) अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक का 'घेराव' करते हैं – क्या अभ्यर्थियों का यह कार्य न्यायानुमत है ? अभ्यर्थियों ने कौन सा अपराध, यदि कोई है, किया है ? भारतीय दण्ड संहिता के उपबन्धों तथा निर्णीत वादों का हवाला देते हुए स्पष्ट कीजिए। **15**

The Candidates made a 'Gherao' of the Controller of Examination of Public Service Commission. Is this act of the Candidates justifiable ? What offence, if any, was committed by the candidates ? Elaborate your answer with the provisions of Indian Penal Code and decided cases.

(b) मीनाक्षी ने एक नाबालिग लड़की शीला को अपने कब्जे में ले लिया तथा उसको वेश्यावृति के कार्य में लगा दिया। उसके बाद मीनाक्षी ने एक दूसरी नाबालिग लड़की मंजू को उसके मां बाप से दत्तक में प्राप्त किया। मीनाक्षी तथा मंजू के मां बाप पर एक साथ भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 372 तथा 373 के अंतर्गत आरोप लगाये गये। ये आरोप दोनों लड़कियों से सम्बन्धित थे। क्या दोनों आरोपों का विचारण एक साथ किया जा सकता है ? **15**

Meenakshi obtained possession of Sheela, a minor girl and employed her for purposes of prostitution. Meenakshi subsequently obtained Manju in adoption, another minor girl from her parents. Meenakshi and the parents of Manju were charged together under Section 372 and 373 Indian Penal Code, 1860. The charges related to both the girls. Can the two charges be tried together ?

(c) दो वर्षों से अधिक पहिले 'अ' को मृत्यु दण्डादेश दिया गया था लेकिन अभी तक दण्डादेश को निष्पादित नहीं किया जा सका है। 'अ' न्यायालय की शरण में जाता है कि उसके मृत्युदण्ड को आजीवन कारावास में परिवर्तित कर दिया जाय, क्योंकि मृत्युदण्ड को निष्पादन करने में अनुचित विलम्ब हो चुका था। प्रमुख वादों की सहायता से निर्णीत कीजिए। **10**

More than two years ago 'A' was sentenced to death but the sentence has not been executed so far. 'A' moves the court that his death sentence be commuted to imprisonment for life as these was undue delay in the execution of death sentence. Decide with leading cases.

6. (a) किन परिस्थितियों में किसी मजिस्ट्रेट के द्वारा सदाचार के लिए प्रतिभूति मांगी जा सकती है ? 10
Under what circumstances can a Magistrate ask sureties for good behaviour ?

(b) सेशन विचारण प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 15
Narrate in brief the procedure for Session Trial.

(c) अभिवाक सौदेबाजी क्या है ? संक्षेप में इसकी प्रक्रिया वर्णित कीजिए। क्या ये प्रावधान सभी श्रेणी के अपराधों तथा सभी श्रेणी के पीड़ितों के संदर्भ में लागू होते है ? 15
What is plea bargaining ? Briefly describe its procedure, whether these provisions apply in respect of all types of offences and all types of victims ?

7. निम्नलिखित में से किन्ही **दो** पर टिप्पणी लिखिये :
Write short note on **any two** of the followings : (20×2=40)

(a) दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता में किये गये मुख्य संशोधनों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।
Describe briefly the major changes introduced in the Code of Criminal Procedure by the Criminal Law (Amendment) Act, 2018.

(b) एक मजिस्ट्रेट किसी स्थिति को किस प्रकार सम्भालेगे जबकि वे देखते हैं कि भूमि के टुकड़े को लेकर दो दलों में झगड़ा, शांति भंग की स्थिति उत्पन्न कर सकता है ?
How would a Magistrate deal with a situation when he finds that a dispute concerning a piece of land between the two parties is likely to cause a breach of peace ?

(c) एक सरकारी अफसर के विरुद्ध धारा 409 भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत आरोप लगाया गया। उन तथ्यों से जिनसे आरोप लगाया गया था धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता का भी अपराध बनता था किन्तु 420 का दोषारोप नहीं लगाया गया था। क्या उसे धारा 420 के अपराध के लिए दण्डित किया जा सकता है ? अपने उत्तर की पुष्टि में निर्णीत बाद भी दीजिए।
A public servant was charged under Section 409 IPC. Facts constituting the charge also made out an offence under Section 420 IPC but he was not charged for this offence. Can he be convicted for this offence ? Support your answer with decided cases ?

## खण्ड – स/SECTION – C

8. (a) साक्ष्य को परिभाषित कीजिए। सारवान् विधि एवं प्रक्रियात्मक विधि के साथ साक्ष्य विधि के सम्बन्धों की विवेचना कीजिए। 10

Define 'Evidence'. Discuss the relationship of the Law of Evidence with substantive and procedural law.

(b) सबूत का भार तथा साबित करने का भार में क्या अंतर है ? स्वामित्व के सबूत एवं सद्भाव का सबूत के सम्बन्ध में क्या अवधारणाऐं है ? 10

What is the difference between burden and onus ? What are presumptions in the case of burden of proof as to ownership and proof of good faith ?

(c) अंकीय हस्ताक्षर से सम्बन्धित विधि की जैसी कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम में वर्णित है, विवेचना कीजिए। 10

Discuss the law relationship to digital signatures as provided in Indian Evidence Act.

(d) 'अ' एक महिला, जिसका गला किसी तेज धारदार हथियार से काट दिया गया था, ने अपनी मृत्यु के पहले इशारों से यह बताया कि वह व्यक्ति 'ब' था जिसने उसका गला काटा है। क्या 'अ' का यह इशारों द्वारा दिया गया बयान 'ब' के विरुद्ध साक्ष्य में ग्राह्य है ? 10

'A' an woman whose throat had been cut by some sharp edged weapon indicated by gesture before her death that 'B' was the person who has cut her throat. Is this statement of 'A' made by gestures admissible as evidence against 'B' ?

9. (a) जब साक्षी से जिरह होती है, तब घटना से सम्बन्धित प्रश्नों के अलावा कौन से प्रश्न पूछे जा सकते हैं ? 15

When a witness in cross-examined, what other questions can be asked in addition to the questions relating to the incident ?

(b) न्यायालय किस प्रकार विनिश्चन करेगा कि विशिष्ट प्रश्न उचित है या अनुचित ? 15

How would the court decide that a particular question is proper or improper ?

(c) एक स्त्री एक आदमी को उसकी जेब काटने के लिए अभियोजित करती है। क्या यह प्रश्न कि उसने दस वर्ष पूर्व एक अधर्मज सन्तान को जन्म दिया था, पूछा जा सकता है ? कारण सहित उत्तर दीजिए। 10

A woman prosecutes a man for picking her pocket, can this question that she had given birth to an illegitimate child ten year before be asked ? Answer with reasons.

10. (a) 'कुछ अवस्थाओं में मौन भी स्वीकृति हो जाती है' । स्पष्ट कीजिए। 10

'Silence may sometimes amount to an admission'. Explain.

(b) प्रश्न यह है कि क्या 'अ' ने 'ब' को लूटा । ये तथ्य कि 'ब' के लूट जाने के पश्चात 'स' ने 'अ' की उपस्थिति में कहा "'ब' को लूटने वाले आदमी को खोजने के लिए पुलिस आ रही है," और यह कि उसके तुरंत पश्चात 'अ' भाग गया। कारण देते हुए सुसंगता निर्णीत कीजिए। 10

The question is, whether 'A' robbed 'B'. The fact is that after 'B' was robbed 'C' said in 'A' s presence "the police are coming to look for the man who robbed 'B'" and then immediately afterwards 'A' ran away. Decide the relevancy by giving reasons.

(c) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अनुसार कौन से तथ्य हैं जिनकी अवेक्षा लेनी होती है और कौन से तथ्य हैं जिन्हें साबित नहीं करना पड़ता है ? वर्णन कीजिए। 20

Discuss what are the facts which must be taken notice of and what are the facts which need not be proved as per Indian Evidence Act, 1872.

---